Bareilly, Sunday,
13 July 2025
BAREILLY EDITION
Price ₹3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण



# एसआरएमएस और स्टेडियम के बीच होगा क्रिकेट का फाइनल

जागरण संवाददाता, बरेली : उत्तर प्रदेश खेल विभाग की ओर से आयोजित जिला स्तरीय अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को स्टेडियम में दोनों सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए। पहला सेमीफाइनल मुकाबला स्टेडियम की टीम ने जीता, जबकि दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी की टीम ने जीता।

स्टेडियम बरेली में चल रही जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में स्पोर्ट्स स्टेडियम ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। स्टेडियम की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट खोकर 182 रन बनाए। स्टेडियम के कप्तान कुशाग्र का शानदार



खिलाड़ी को मैन आफ द मैच की ट्राफी देते आयोजक, साथ में कोच • सौ. मीडिया प्रभारी

प्रदर्शन जारी रहा। उन्होंने 15 गेंदों में ताबड़तोड़ 54 रन बनाए, जबकि विपिन कुमार ने 20 रन, सुमित ने 25 रन और विवान ने 20 रनों का योगदान दिया। जूनियर चैंप्स के गेंदबाज बसर ने तीन और धर्मेंद्र ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने के लिए उतरी जूनियर चैंप्स की पूरी टीम 13.1 ओवरों में मात्र 29 रनों पर ढेर हो गई। चैंप्स की

**54** रन, 15 गेंदों में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए स्टेडियम के कप्तान कुशाग्र ने बनाए

**4** विकेट और 20 रन बनाने वाले स्टेडियम के खिलाड़ी विवान गंगवार बने मैन आफ द मैच

**29** रनों पर ढेर होने वाली जूनियर चैंप्स टीम को 153 रनों से हार का सामना करना पड़ा

**4** ओवरों में हैट-ट्रिक समेत 05 विकेट लेने वाले एसआरएमएस के गेंदबाज हर्ष बने मैन आफ द मैच

ओर से शिवा यादव के 15 रन नाबाद के अलावा कोई भी बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सका। स्टेडियम के लिए गेंदबाजी में विवान ने चार ओवर में सात रन देकर चार विकेट भी झटके, जबकि हेमंत ने तीन विकेट प्राप्त किए। आलराउंडर प्रदर्शन के लिए विवान गंगवार को मैन आफ द मैच चुना गया।

दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला बरेली राइडर्स और एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी के बीच खेला गया। बरेली राइडर्स ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया, एसआरएमएस की घातक गेंदबाजी के आगे राइडर्स 17.4 ओवरों में 87 रन आलआउट हो गई। राइडर्स की ओर से वंश कोहली और कृष्णा ने 19-19 रनों का योगदान दिया। एसआरएमएस के लिए हर्ष ने शानदार गेंदबाजी करते हुए हैट-ट्रिक के साथ चार ओवरों में 14 रन खर्च करके पांच विकेट लिए। वहीं, छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसआरएमएस की टीम ने तीन विकेट खोकर आसानी से लक्ष्य प्राप्त कर लिया। एसआरएमएस के लिए बल्लेबाजी में सर्वाधिक रन, ताजवर, ने एक और लाखन ने 27 रनों का योगदान दिया। बरेली राइडर्स के लिए गेंदबाजी में अनिकेत ने दो अमनदीप ने एक विकेट प्राप्त किया। मैन आफ द मैच पुरस्कार एसआरएमएस के हर्ष को शानदार गेंदबाजी करने के लिए दिया गया। इस दौरान राजेश यादव, आशु भारती, अमित कुमार यादव, मनीष सिंह, अभिषेक कुमार, शिवांशु पांडेय आदि मौजूद रहे। फाइनल मुकाबला सोमवार को सुबह आठ बजे से खेला जाएगा।